# मेडिकल कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं का बुरा हाल; डॉक्टरों और छात्रों ने घेरा कलेक्ट्रेट

**सतना। श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में बदहाल बुनियादी सुविधाओं को लेकर जूनियर डॉक्टरों और छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। पानी की किल्लत और बंद पड़ी लिफ्ट जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे डॉक्टरों और छात्रों ने अस्पताल परिसर में जमकर नारेबाजी की और रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।**



## पानी और लिफ्ट ने किया जीना मुहाल

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि कॉलेज और अस्पताल परिसर की स्थिति दयनीय हो चुकी है। मुख्य रूप से दो समस्याओं ने व्यवस्था को ठप कर दिया है। इंटरनल पाइपलाइन फटने के कारण पिछले शुक्रवार की रात से पूरे परिसर में पानी की सप्लाई बंद है। हॉस्टल में रहने वाले 750 से अधिक छात्र-छात्राओं और कैंपस में रह रहे लगभग 200 परिवारों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। लोग दूर-दराज से बाल्टियों में पानी लाने को मजबूर हैं, जबकि पीने के लिए महंगे दामों पर बोतल बंद पानी खरीदना पड़ रहा है।

## बंद पड़ी लिफ्ट

10 मंजिला मेडिकल कॉलेज भवन में कुल 30 लिफ्ट लगाई गई हैं, लेकिन विडंबना यह है कि इनमें से 28 लिफ्ट लंबे समय से खराब पड़ी हैं। इसके कारण मरीजों, बुजुर्गों और डॉक्टरों को सीढ़ियों के जरिए ऊपर-नीचे जाना पड़ रहा है, जो बेहद कष्टकारी है।

## पढ़ाई और इलाज दोनों प्रभावित

प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि बिजली कटौती और पानी-लिफ्ट की समस्या ने उनके सामान्य जीवन के साथ-साथ मरीजों के इलाज और छात्रों की पढ़ाई को भी बुरी तरह प्रभावित किया है। बार-बार शिकायत के बावजूद प्रबंधन द्वारा कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है।

छात्रों और डॉक्टरों ने डीन और जिला प्रशासन को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का ठोस समाधान नहीं हुआ, तो वे काम बंद कर बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू करेंगे। फिलहाल, इस अव्यवस्था के कारण अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मेडिकल कॉलेज जैसी महत्वपूर्ण संस्था में बुनियादी सुविधाओं का न होना प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। अगर पाइपलाइन और लिफ्ट को जल्द दुरुस्त नहीं किया गया, तो हम उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।

## खबर संक्षेप

### महापौर ने किया पेवर रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**सतना।** महापौर ने वार्ड क्रमांक 11 घूरडांग में 36 लाख की लागत से बनने वाली पेवर रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा प्रदान करेगा एवं वार्ड के विकास को नई गति देगा। इस अवसर पर नगर निगम स्पीकर राजेश चतुर्वेदी (पालन), निर्माण समिति अध्यक्ष गोपी गेलानी, वार्ड पार्षद के.के. सिंह , आर्मी रिटायर्ड लालमणी सिंह, इंजीनियर, संविदाकार एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। क्षेत्र की जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही हमें निरंतर जनसेवा एवं विकास कार्यों के लिए प्रेरित करता है।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा निर्माणः मझगवां जनपद मुख्यालय की बदहाली पर उठे सवाल

**सतना।** जनपद पंचायत मझगवां के मुख्यालय परिसर में सरकारी धन के दुरुपयोग और घटिया निर्माण का एक बड़ा मामला सामने आया है। स्थानीय निवासियों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वार्ड नंबर 6 स्थित कार्यालय के ठीक सामने बनाई गई सड़क और नाली भ्रष्टाचार के कारण जर्जर हो चुकी है।

एक साल भी नहीं टिक सका निर्माण गेट नंबर 2 के सामने किया गया यह निर्माण कार्य एक वर्ष की अवधि भी पूरी नहीं कर सका और जगह-जगह से टूट गया है। ग्रामीणों और वार्ड वासियों का सीधा आरोप है कि सचिव और इंजीनियर की आपसी मिलीभगत के कारण घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे निर्माण कार्य पहली बारिश और सामान्य उपयोग में ही दम तोड़ गया। आश्चर्य की बात यह है कि यह सब कुछ जनपद मुख्यालय के नाक के नीचे हो रहा है। अधिकारियों और कर्मचारियों की मौन सहमति पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं कि आखिर मुख्यालय परिसर में ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की अनदेखी कैसे की गई? स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषी कर्मचारियों व ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### मैहर जिले के चार डाकघरों में 8-9 मई को लगेगा दो दिवसीय विशेष आधार शिविर

**मैहर।** मैहर भारतीय डाक विभाग, सतना संभाग द्वारा मैहर जिले के नागरिकों की सुविधा के लिए 8 एवं 9 मई 2026 को दो दिवसीय विशेष आधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होगा। डाक अधीक्षक, सतना संभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिविर मैहर डाकघर, सरलानगर डाकघर, अमरपाटन डाकघर एवं रामनगर डाकघर में आयोजित होगा। शिविर में आधार से संबंधित सभी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। शिविर में होने वाले नया आधार नामांकन, नाम, पता, जन्म तिथि एवं मोबाइल नंबर में संशोधन, फोटो तथा बायोमेट्रिक अपडेट सहित आधार संबंधी अन्य सभी कार्य किए जाएंगे। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेज जैसे पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र के साथ अपने क्षेत्रीय डाकघर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं। इस शिविर से नागरिकों को आधार संबंधी कार्यों के लिए बार बार भटकना नहीं पड़ेगा।

### उद्यम योजना में 25 और स्वरोजगार योजना में मिला 100 का लक्ष्य

**मैहर।** कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग की संपन्न बैठक में बताया गया कि मैहर जिले के लिए उद्यम योजना में 25 और स्वरोजगार योजना में 100 हितग्राही का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। सहायक संचालक केके शुक्ला ने बताया कि पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यकों के कल्याण के लिए यह योजना आगामी 5 वर्षों अर्थात 2030-31 तक क्रियाशील रहेगी। स्वरोजगार योजनाओं में 10 हजार रूपये से लेकर 1 लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। कलेक्टर मैहर ने कहा कि जिले को प्राप्त लक्ष्यों का वितरण जनपद, नगरीय निकाय संस्थाओं को बैंकों वार सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि मैहर जिले के आजीविका मिशन के अच्छे महिला स्व-सहायता समूहों को ''मैहर डाल्स'' की प्रस्तावित नवाचार योजना से जोड़ा जाएगा

# भीषण सड़क हादसाः खुटहा में हाईवा ने पिकअप को मारी जोरदार टक्कर, दर्शन कर लौट रहे 12 यात्री घायल





**सतना** । नेशनल हाईवे क्रमांक 30 पर स्थित खुटहा में गुरुवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। तेज रफ्तार के कहर ने एक बार फिर यात्रियों की जान जोखिम में डाल दी। यहाँ इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास एक अनियंत्रित हाईवा ने आगे चल रही पिकअप को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में पिकअप सवार करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।





## बसामन मामा के दर्शन कर लौट रहे थे श्रद्धालु

मिली जानकारी के अनुसार, पिकअप में सवार सभी यात्री बसामन मामा के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनका वाहन खुटहा पहुँचा, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार हाईवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

## डायल 112 ने पहुँचाया अस्पताल

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल सक्रिय हुई। मौके पर तैनात आरक्षक सचिन सिंह और पायलट अखिलेश तिवारी ने बिना समय गंवाए घायलों को रेस्क्यू किया। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपाटन में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज जारी है। पुलिस द्वारा फिलहाल घायलों की पहचान की जा रही है और हादसे के कारणों की विस्तृत जाँच जारी है।

# शासकीय मार्ग को अतिक्रमणमुक्त कर सीमांकन कराए जाने ग्रामीणों ने की मांग, दी भूख हड़ताल की चेतावनी



**सतना।** जिले के उचेहरा तहसील अंतर्गत पिथौराबाद गांव के रहवासियों ने शासकीय रास्ते से अतिक्रमण हटाकर सीमांकन किए जाने की मांग लेकर कलेक्टर से गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने सतना कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत पिथौराबाद के मुख्य मार्ग से पिपरहाई हार के खेतों में पहुंचने आराजी नंबर 803 में अंग्रेजों के जमाने में शासकीय जमीन से सामूहिक निस्तार हेतु कच्ची सड़क बनाई गई थी। जहां से बैलगाड़ी ट्रैक्टर सहित बड़े वाहन आसानी से निकल जाते थे लेकिन वर्तमान में कुछ लोगों द्वारा इसमें कब्जा करने से काफी संकरा रास्ता हो गया है। जिसके चलते अब ग्रामीणों को अपने खेत तक पहुंच पाना मुश्किल हो रहा है, वहां तक न तो कोई ट्रैक्टर जा सकता है और ना,ही अन्य वाहन यह एक गंभीर समस्या है जिससे अपनी खेती और फसल की देखभाल नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने इस शासकीय मार्ग का सीमांकन कराए जाने एवं रास्ता निर्माण को लेकर सतना कलेक्ट्रेट पहुंच ज्ञापन सौंपा है।





## 15 मई को करेंगे भूख हड़ताल

ग्रामीणों ने सौंपे गए ज्ञापन पत्र में चेतावनी दी है कि अगर उक्त आराजी का सीमांकन नहीं कराया जाता है तो 15 मई को इसी मार्ग से जुड़ी नागौद-उचेहरा मुख्य मार्ग में धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल की करेंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशसन की होगी।

## इनका कहना है

1. उक्त आराजी का सीमांकन कराने पूर्व में उचेहरा एसडीएम ,तहसीलदार कार्यक्रम में पत्र सौंपा जा चुका है पर अब तक समस्या का निराकरण नहीं होने से मजबूरन माननीय कलेक्टर साहब को ज्ञापन सौंपा गया है अगर शीघ्र ही निराकरण ना हुआ तो आगामी 15 मई को भूख हड़ताल में बैठेंगे ।

**रामदेव कुशवाहा- ग्रामीण अतरवेदिया**

पिपरहाई हार में जाने वाले रास्ते में अतिक्रमण करने से काफी संकरा है, बड़े वाहन ट्रैक्टर न जाने से काफी परेशानी होती है बरसात के दिनों में और अधिक परेशानी होती है

**शेषमणी पटेल - ग्रामीण पिथौराबाद**

# सीवर लाइन के कार्य से वार्डवासियों को हो रही परेशानी





## विकास जरूरी मगर जनता की सुरक्षा भी है जरूरी

**मैहर।** शहर के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 स्थित बोस कॉलोनी और रेलवे कॉलोनी को जोड़ने वाली गली में चल रहा सीवर लाइन का कार्य अब आम लोगों के लिए मुसीबत का कारण बनता जा रहा है। बताया जा रहा है कि विगत तीन-चार दिनों से सड़क खोदकर छोड़े जाने एवं कार्य में लापरवाही बरते जाने के कारण लोगों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि इसी मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में लोग रेलवे स्टेशन, बाजार एवं अपने कार्यस्थलों तक आने-जाने के लिए गुजरते हैं, लेकिन रास्ता बंद होने से लोगों को अब कई किलोमीटर घूमकर जाना पड़ रहा है। इससे खासकर नौकरीपेशा लोगों, छात्रों एवं बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि सीवर लाइन का कार्य धीमी गति और बिना उचित वैकल्पिक व्यवस्था के किया जा रहा है। खुदाई के कारण सड़क पूरी तरह बाधित हो चुकी है, वहीं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम भी नजर नहीं आ रहे हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी हुई है। वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराया जाए तथा बंद मार्ग को तत्काल चालू कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन जनता की सुविधा और सुरक्षा का ध्यान रखना भी उतना ही आवश्यक है।



# विवाहिता लापता, तलाश में जुटा परिवार



**सतना । सिविल लाइन थाना क्षेत्र से एक विवाहिता के लापता होने का मामला सामने आया है। ज्योति रजक (31 वर्ष), जो वर्तमान में सतना के में रहकर साफ-सफाई का काम करती थी, बीते कल दोपहर से लापता है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।**

परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, ज्योति रजक सिंधी कैंप क्षेत्र में किराये के कमरे में रहती थी। बीती 5 मई को वह सुबह करीब 7 बजे काम के लिए निकली थी। दोपहर करीब 12 बजे वह पूनम चंदानी के घर काम करने पहुंची और दोपहर 2 बजे वहां से काम खत्म कर निकली, लेकिन उसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी।

# घुनवारा क्षेत्र के ढाबों में डीजल पेट्रोल के टैंकर रुके तो खैर नहीं



**मैहर।** नवगत अमदरा थाना प्रभारी टीकाराम कुर्मी के निर्देश पर पिछले दिनों ढाबा में अवैध डीजल पेट्रोल पकड़ा गया जिसको लेकर थाना प्रभारी ने साफ शब्दों में ढाबा मालिकों के साथ-साथ टैंकर चालकों को भी दो टूक लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि नेशनल हाईवे किनारे संचालित ढाबा में लोग खाना खाने के लिए रुकते और पेट्रोल से लोड टैंकर का खड़े होना किसी हादसे को निमंत्रण देना है क्योंकि टैंकरों में ज्वलनशील पदार्थ रहता है इसलिए टैंकर चालकों को भी हिदायत देते हुए समझाइए दी गई। नवागत अमदरा थाना प्रभारी टीकाराम कुर्मी के निर्देश पर पुलिस द्वारा नेशनल हाईवे किनारे संचालित ढाबों में खड़े डीजल और पेट्रोल से लोड टैंकरों को लेकर सख्ती दिखाई गई। पुलिस ने ढाबा संचालकों एवं टैंकर चालकों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि ज्वलनशील पदार्थों से भरे टैंकरों को भीड़भाड़ एवं सार्वजनिक स्थानों के समीप खड़ा करना किसी बड़े हादसे को निमंत्रण देना है। गौरतलब है कि बीते दिनों पुलिस द्वारा छापेमार कार्रवाई करते हुए इन्हीं ढाबों से भारी मात्रा में अवैध रूप से रखा गया पेट्रोल और डीजल बरामद किया गया था। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया था और पुलिस ने सुरक्षा एवं नियमों के पालन को लेकर सख्त रुख अपनाया है।थाना प्रभारी टीकाराम कुर्मी ने कहा कि नेशनल हाईवे किनारे बने ढाबों में बड़ी संख्या में लोग भोजन एवं विश्राम के लिए रुकते हैं। ऐसे में डीजल-पेट्रोल से भरे टैंकरों का लंबे समय तक खड़ा रहना सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। किसी भी छोटी चूक या दुर्घटना की स्थिति में बड़ा नुकसान हो सकता है। पुलिस ने ढाबा मालिकों के साथ-साथ टैंकर चालकों को भी समझाइश देते हुए निर्देश दिए कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और टैंकरों को निर्धारित एवं सुरक्षित स्थानों पर ही खड़ा करें। थाना प्रभारी ने साफ किया कि नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दवा विक्रेता संघ ने 20 मई की हड़ताल को दिया समर्थन, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**मैहर।** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट द्वारा 2० मई 2०26 को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में दवा विक्रेता संघ जिला मैहर ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर अपनी चिता व्यक्त करते हुए कहा कि दवा व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों को लगातार कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि ऑनलाइन दवा बिक्री, ई-फामेसी, अनियमित नीतियों एवं दवा व्यापार से जुड़े नियमों में लगातार हो रहे बदलावों के कारण छोटे एवं मध्यम दवा विक्रेताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इन समस्याओं के समाधान हेतु देशभर के दवा व्यापारी 2० मई को अपनी दुकानें बंद रखकर हड़ताल करेंगे।दवा विक्रेता संघ जिला मैहर के पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि उनकी मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाया जाए, जिससे दवा व्यापारियों की समस्याओं का उचित समाधान हो सके।

# विष्णु सागर गहरीकरण में हो रहे भ्रष्टाचार से जनता में असंतोष

## मैहर के ड्रीम प्रोजेक्ट के साथ खिलवाड़ वास्तविक गहराई, मिट्टी निकासी और माप पुस्तिका को सार्वजनिक किया जाए

**मैहर। माँ शारदा देवी मंदिर मार्ग पर नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित ऐतिहासिक विष्णु सागर तालाब के गहरीकरण कार्य को लेकर अब राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। मैहर नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने मौके से जारी अपने वीडियो बयान में गहरीकरण कार्य पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए इसे मैहर के ड्रीम प्रोजेक्ट के साथ खिलवाड़ बताया है।**

## मानकों के अनुसार नहीं हो रही खुदाई

वर्षों की प्रतीक्षा के बाद विष्णु सागर के पुनर्जीवन और गहरीकरण का कार्य प्रारंभ हुआ था, जिससे नगरवासियों को बड़ी उम्मीदें थीं। लेकिन वर्तमान कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि तालाब में निर्धारित मानकों के अनुसार खुदाई नहीं की जा रही है और केवल ऊपर-ऊपर कार्य कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि पूरा उद्देश्य यह दिखाई दे रहा है कि जैसे-तैसे पानी भर जाए और बाद में गहराई के नाम पर कागजों में बड़ा खेल कर दिया जाए। वास्तविक गहराई और माप की जांच हुई तो भारी अनियमितताएं सामने आ सकती हैं।



## निष्पक्ष हो तकनीकी जांच

नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये के इस महत्वपूर्ण कार्य में गुणवत्ता और पारदर्शिता का अभाव दिखाई दे रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराई जाए तथा वास्तविक गहराई, मिट्टी निकासी और माप पुस्तिका को सार्वजनिक किया जाए, ताकि जनता को सच्चाई पता चल सके। स्थानीय नागरिकों में भी इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज हो गई है। लोगों का कहना है कि यदि यह परियोजना ईमानदारी और सही तकनीक से पूरी हुई तो विष्णु सागर आने वाले समय में मैहर की पहचान बन सकता है, लेकिन भ्रष्टाचार की आशंकाओं ने पूरे प्रोजेक्ट पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन आरोपों को गंभीरता से लेते हुए जांच कराता है या फिर यह मामला केवल राजनीतिक बयानबाजी बनकर रह जाता है।

**खबर संक्षेप**

## लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए 9 मई को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**पन्ना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 9 मई शनिवार को समस्त जिला न्यायालय एवं तहसील के व्यवहार न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का वृहद स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। नागरिकों के कल्याण और उन्हें आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। नेशनल लोक अदालत में नागरिकों को विशेष सुविधा प्रदान करते हुए संपत्ति कर, जल कर एवं अन्य उपभोक्ता कर के लंबित प्रकरणों में देय अधिभार (सरचार्ज) पर 100 प्रतिशत तक की अभूतपूर्व छूट प्रदान की जा रही है। योजना के प्रावधानों के अंतर्गत 50 हजार रुपए तक के संपत्ति कर और 10 हजार रुपए तक के जल कर की बकाया राशि वाले प्रकरणों में सरचार्ज पूर्णतः माफ किया जाएगा। इससे अधिक की बकाया राशि होने पर निर्धारित स्लैब के अनुरूप सरचार्ज में 25 से 75 प्रतिशत तक की रियायत का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 तक की बकाया राशि पर यह विशेष छूट वन टाइम सेटलमेंट के रूप में देय होगी। इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले नागरिकों को छूट के उपरांत शेष राशि अधिकतम दो आसान किश्तों में जमा करने की सुविधाजनक व्यवस्था प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन ही जमा करना अनिवार्य होगा। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस नेशनल लोक अदालत में सहभागिता कर अपने लंबित प्रकरणों का निराकरण करवाएं और शासन द्वारा प्रदाय की जा रही इस विशेष छूट का अधिकतम लाभ उठाएं। लोक अदालत के माध्यम से नगरीय निकायों के लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं सुलभ निराकरण किया जाएगा, जिससे आमजनों को व्यापक राहत मिलेगी। शासन की इस जनकल्याणकारी पहल से नागरिकों को न केवल करों के भारी बोझ से मुक्ति प्राप्त होगी, बल्कि इसके फलस्वरूप नगरीय निकायों को भी एकमुश्त राजस्व की प्राप्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

## लीड कॉलेज के प्राचार्य द्वारा महाविद्यालयों में प्रवेश व्यवस्थाओं की समीक्षा, वैष्णो माता महाविद्यालय का भी हुआ निरीक्षण

**पन्ना।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस एवं लीड महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी द्वारा पन्ना जिले के शासकीय महाविद्यालय के अलावा वैष्णो माता महाविद्यालय पन्ना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में संचालित हेल्प डेस्क की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों को दी जा रही प्रवेश संबंधी जानकारी की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डॉ. चतुर्वेदी ने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की एवं प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित व्यवस्थाओं पर चर्चा की। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ को मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी नवीन प्रवेश निर्देशों की जानकारी देते हुए समय-सीमा के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि "कॉलेज चलो अभियान" के अंतर्गत अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ना शासन की प्राथमिकता है। इसके लिए हेल्प डेस्क के माध्यम से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सही मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान प्रवेश प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं छात्रहितकारी बनाने हेतु आवश्यक सुझाव भी दिए गए।

# पन्ना टाईगर रिजर्व में एक बार फिर बाघिन को अज्ञात वाहन की ठोकर का मामलाः विगत 29 अप्रैल की दास्तां

**जिम्मेदार अधिकारी सहायक संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व व्ही.के. पटेल का दावा आज ही सुबह देखा प्रापर चल रही है बाघिन किल कर रही है नजर रखी जा रही है**



**पन्ना।** पन्ना टाईगर रिजर्व में जहां दो बाघों की मौत के बाद वहीं एक बाघिन जो अपने शावकों के साथ अक्सर देखी जाती है जिसे नेशनल हाईवे सड़क में किसी अज्ञात वाहन के द्वारा ठोकर लगने की घटना विगत 29 अप्रैल की बताई जा रही है। पन्ना टाईगर रिजर्व के सहायक संचालक जहां स्वयं इस बात की पुष्टि कर रहे है कि टाईगर रिजर्व की टीम मिलते ही उक्त बाघिन के हालात को लेकर जानने की कोशिश की गई साथ ही मैने खुद बाघिन का विगत दिवस हाथियों के साथ जाकर प्रापर तरीके से जानने की कोशिश की है तो पता चला है कि बाघिन अभी चल रही है वहीं किल कर रही है इस तरह से अभी घायल होने के हालात नहीं माने जा सकते। साथ ही जब कोई ऐसी स्थिति अगर नजर आती है तो हमारे चिकित्सकों द्वारा निश्चिततौर पर बाघिन को लेकर संवेदनशीलता के साथ जहां तत्परता उपचार को लेकर भी बरती जायेगी पर अभी तो बाघिन के प्रापर चलने व किल करने को लेकर ही बयां किया जा रहा है। वहीं सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि जहां पन्ना टाईगर रिजर्व में विगत 15 दिवसों में दो बाघों की मौत की घटना घटित हो चुकी हो वहीं 29 अप्रैल को अगर बाघिन को अज्ञात वाहन से चोट लगने की बात जो आज चर्चा में आई है उसके पूर्व प्रबंधन द्वारा नजर तो बनाये रखने का दावा किया जा रहा है पर किस वाहन से चोट लगी वहीं क्या इसकी पड़ताल की गई कि नहीं। साथ ही बाघों की सुरक्षा को लकर पन्ना टाईगर रिजर्व में क्या वर्तमान हालात चिंताजनक है यह सवाल अब प्रश्न बनके जरूर खड़े हो रहे है हालात जिस तरह स 'चल पड़े है वहां अब नकारा नहीं जा सकता बाघों की सुरक्षा को लेकर टाईगर रिजर्व प्रबंधन अगर कहीं न कहीं लापरवाही को लेकर जाना जाता है तो फिर हालात पिछले दशक के जैसे निर्मित हो सकते है जब एक बार बाघ विहीन दास्तां पन्ना टाईगर रिजर्व में जो सामने आ चुकी है वही अब कहीं उसी तरह की दिशा तय न हो जाये जिसको लेकर संवेदनशीलता के साथ पन्ना टाईगर रिजर्व में बाघों की सुरक्षा को लेकर जरूरत हे मानीटरिंग में सतत तत्परता की ताकि बाघों की सुरक्षा से ही बाघों की रक्षा। इतना ही नहीं जो बीत चुका उससे सबक लेने के बाद अब दूसरी दास्तां निर्मित होने के हालात जो बन रहे है इस पर केसे लगेगा विराम आखिरकार यह तो जिम्मेदार अधिकारियों को ही सघन मानीटरिंग तथा कर्तव्यनिष्ठा को लेकर प्राथमिकता से गौर करना लाजमी है।

# ट्रक ने अल्टो कार को ठोकर मारी वहीं बाईक सवार को कुचला घाटी में लगा जाम



## थाना प्रभारी मड़ला पुलिस बल के साथ जाम खुलवाने तथा घटना पर तत्परता से कार्यवाही के अंजाम जुटी

**पन्ना।** सड़क हादसे अक्सर असमायिक जहां मौतों का कारण बनते हे वैसे तो समय-समय पर पुलिस के द्वारा जागरूकता अभियान लगाये जाते है फिर भी सड़क में वाहन चालक संवेदनशीलता पर गौर जब नहीं करते तो हादसे जन्म लेते है ऐसी ही दास्तां नेशनल हाईवे 39 पन्ना छतरपुर मार्ग मड़ला घाटी में जहां एक ट्रक ने एक अल्टो कार को ठोकर मारी वहीं बाईक सवार को कुचलने की घटना कारित हुई है। बाईक सवार की मौके पर मौत का मामला भी घटित होना चर्चा में है साथ ही सोशल मीडिया में यह खबर चर्चा का विषय बनी हुई है क्योंकि सड़क हादसे इस समय कहीं न कहीं घटित हो रहे है आखिरकार रफ्तार ही जिंदगी व मौत का कारण बनती है। चूक हटी दुर्घटना घटी मड़ला थाना प्रभारी इस घटना को लेकर जहां जाम खुलवाने की कार्यवाही पर जुटी हुई है वहीं आखिरकार घटना जो घटित हुई उस पर आगे पुलिस अपना दायित्व निभाने को लेकर कार्य करती नजर आ रही है। साथ ही बार-बार सड़क हादसों को रोके जाने को लेकर जहां जागरूकता को लेकर पुलिस के द्वारा प्रेरणा दी जाती है पर सड़क में हादसे जब घटित होते है तो आज भी यह माना जाता है कि आज भी वाहन चालकों के द्वारा अपनी जवाबदेही को लेकर सवाल जरूर खड़े कर रहे है आखिरकार स्वयं की जान तो खतरे में आती ही है वहीं असमायिक दूसरों की जान जब जाती है तो फिर क्या? आखिरकार असमायिक मौतें सड़क हादसों में जो होती है वह सदैव के लिये जख्म दे जाती है। जरूरत है सड़क में चलते वक्त यातायात नियमों का पालन करें सव्यं सुरक्षित रहें दूसरों को भी सुरक्षित सफर करने के लिये राह तय करें।

# मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए करें हरसंभव प्रयास



## कलेक्टर ने पवई एवं शाहनगर में ली समीक्षा बैठक
## स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने कहा है कि प्रत्येक गांव में हर गर्भवती महिला का एएनसी पंजीयन एवं आवश्यक जांच समय पर सुनिश्चित हो। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाए। समयबद्ध रूप से स्वास्थ्य विभाग की जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ भी आम जनता एवं हितग्राहियों को मिले। जिला कलेक्टर ने गुरूवार को पवई एवं शाहनगर विकासखंड में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. तिवारी, एसडीएम समीक्षा जैन एवं रामनिवास चौधरी, तहसीलदार रत्नराशि पाण्डेय एवं कोमल सिंह, बीएमओ डॉ. सर्वेश लोधी एवं परियोजना अधिकारी राजकुमारी सिंह भी उपस्थित रहीं। कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि विभागीय योजनाओं में कार्ययोजना मुताबिक मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन किया जाए। समय पर लक्ष्यपूर्ति का प्रयास भी करें। सभी अधिकारी-कर्मचारी गंभीरतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की सफलता में आशा एवं एएनएम का महत्वपूर्ण योगदान है। एएनसी पंजीयन एवं जांच व समय-समय पर घर-घर संपर्क कर फॉलोअप गतिविधियों के माध्यम से निश्चित ही मातृ-शिशु मृत्यु दर पर रोकथाम लगेगी। उन्होंने मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा निरंतर संपर्क के जरिए महिलाओं को स्तनपान एवं पोषण के महत्व से अवगत कराने की सलाह दी। साथ ही कहा कि महिलाओं में एनीमिया एवं बीपी जैसे लक्षणों का समय पर उपचार किया जाए। टीकाकरण का लाभ भी समय पर सभी पात्रजनों को मिलना चाहिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला का प्रथम तिमाही में एएनसी चेकअप की व्यवस्था सुनिश्चित कर हाईरिस्क प्रेग्नेंसी का चिन्हांकन करें तथा संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से महिला की काउंसलिंग की जाए। साथ ही परस्पर विभागीय समन्वय से टीम वर्क के साथ कार्य कर मरीज एवं आमजनता से बेहतर व्यवहार रखें। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना सहित टीबी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत भी उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ें। बैठक में जनसंख्या के विरूद्ध एएनसी पंजीयन न होने तथा जांच व उपचार में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई सहित जिम्मेवारी तय कर विभागीय जांच की चेतावनी भी दी गई। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि आशा, एएनएम एवं सीएचओ अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमण के जरिए वस्तुस्थिति का अवलोकन एवं मॉनिटरिंग करें। विशेष रूप से पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों में फ़ोकस कर समस्याओं का निराकरण किया जाए। मैदानी अधिकारी द्वारा कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर पोर्टल पर एंट्री कराना भी सुनिश्चित करें। नियमित रूप से जनहित की मंशा के साथ कार्य को अंजाम दें। फील्ड में मुस्तैदी के साथ कार्य करें और समय सीमा में प्रगति में सुधार लाना सुनिश्चित किया जाए।

# छात्र के स्कूल पहुंचने के पहले उसके हाथ में पुस्तक होनी चाहिए - जिला शिक्षा अधिकारी



**पन्ना।** नवागत जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार तलैया द्वारा शिक्षा विभाग में संचालित कार्य योजनाओं एवं अन्य विभाग से सम्बंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में समस्त संकुल प्राचार्य एवं प्राचार्य तथा समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी व विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक उपस्थित हुए। समीक्षा के दौरान अभी हाल ही में माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए है, परीक्षा परिणामों के विस्तृत रूप से जिले के प्रत्येक प्राचार्य से एक-एक करके सम्बंधित प्राचार्य की संस्था के परीक्षा परिणामों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में अधिकांश प्राचार्य गिरते परीक्षा परिणाम का तथ्यात्मक जवाब नहीं दे पाए, ऐसे संस्था प्रधान जिनका परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम रहा है, उनके लिए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जा रहा है, साथ ही जिस संस्था का परीक्षा परिणाम 40 प्रतिशत से कम रहा है उनके प्राचार्यो के विरूद्ध कार्यवाही हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजने की कार्यवाही की जावेगी। अगली बैठक में कक्षावार एवं विषयवार परीक्षा परिणाम की समीक्षा की जावेगी, जिसमें प्रत्येक शिक्षक जिसका परीक्षा परिणाम न्यून रहा है, या संतोषजनक नहीं रहा है, उन शिक्षकों की जिम्मेदारी तय की जावेगी, और उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जावेगी। विद्यालयों मे नामांकन की समीक्षा करते हुये जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कहा गया कि नवीन सत्र 1 अप्रैल 2026 से प्रांरभ हो गया था, एक माह में सतप्रतिशत नामांकन हो जाना अति आवश्यक था, परन्तु एक माह व्यतीत होने के बावजूद भी शालाओं में छात्रों का सतप्रतिशत नामांकन नहीं हुआ है, जिसको अतिशीघ्र नामांकन पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। यदि प्राचार्यो द्वारा समयसीमा में कार्य पूर्ण नहीं कराया जाता है तो उनके विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। बैठक में जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत पानी की टंकियों की साफ-सफाई के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिये गये, कि पानी की टंकियों की साफ-सफाई कराई जाए और शासन द्वारा निर्धारित पोर्टल पर उनकी जानकारी दर्ज की जाए। सी0एम0 हेल्पलाईन की समीक्षा में बहुत सी शिकायतें छात्रवृत्ति से संबंधित होने के कारण संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्यो को एक सप्ताह में शिकायतों का निराकरण कर संतुष्टि पूर्ण बंद कराने के निर्देश दिये गए। छात्रों के प्रवेश के समय उनको निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया जाता है, समीक्षा में पाया गया कि स्कूलों मे पुस्तकें पहुंच चुकी है परन्तु फिर भी अभी अधिकांश छात्र/छात्राओं के लिए पुस्तकों का वितरण नहीं किया गया है। अनिल कुमार तलैया जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि छात्र के स्कूल पहुंचने के पूर्व ही उसके हांथ में पुस्तक होना चाहिए। सभी प्राचार्य एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी इस बात को सुनिश्चित करें उनके यहां सतप्रतिशत पाठ्य पुस्तक का वितरण किया जा चुका है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निःशुल्क साईकिल वितरण, छात्रवृत्ति वितरण, न्यायालयीन प्रकरण, अनुरक्षण मरम्मत कार्य, राज्य से प्राप्त फर्नीचर सामग्री, विज्ञान प्रशिक्षण मे अनुपस्थित शिक्षकों एवं जिले मे संचालित व्यवसायिक शिक्षा के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं की भी गम्भीरता व गहनता से समीक्षा की, सभी कार्यो को समयसीमा में पारदर्शिता से पूर्ण करने के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सभी प्राचार्यो को निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में श्रीमती शकुन्ताल अहिवार प्राचार्य डाईट पन्ना, अमित जैन सहायक संचालक एवं समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, तथा समस्त प्राचार्य हाई स्कुल/उ0मा0वि0 उपस्थित रहे।

# सवाल क्या यही है विकसित क्षेत्र अमानगंज...?








## सांसों के लिए तड़पती रही महिला... और अस्पताल में सोती रही व्यवस्था !

**अमानगंज।** अस्पताल में लापरवाही और मनमानी का आलम, स्टॉफ की कमी से जूझ रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आधुनिक भारत के चमकते दावों और सरकारी योजनाओं की रोशनी से दूर पन्ना जिले का अमानगंज आज भी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बदहाली का दर्द झेल रहा है।यहां अस्पतालों में जिंदगी इलाज नहीं, किस्मत के भरोसे चलती दिखाई देती है। ताजा मामला अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है, जहां तुनना ग्राम की एक बीमार महिला रात के अंधेरे में सांस लेने की गंभीर तकलीफ से जूझ रही थी। परिजन घबराए हुए थे महिला की हालत लगातार बिगड़ रही थी ऐसे में परिवार वाले उसे लेकर भागते हुए अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। इस उम्मीद के साथ कि शायद अस्पताल में जिंदगी बच जाए। लेकिन अस्पताल पहुंचने के बाद जो हालात सामने आए, उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था पर ही सवाल खड़े कर दिए। आरोप है कि महिला ऑक्सीजन के लिए तड़पती रही, परिजन डॉक्टरों को आवाज लगाते रहे, लेकिन ड्यूटी पर मौजूद जिम्मेदार समय पर नहीं पहुंचे। अस्पताल की रात मानो मरीजों की नहीं, लापरवाही की पहरेदारी कर रही थी।
सवाल यह है कि क्या यही है विकसित अमानगंज?
क्या इसी व्यवस्था को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं कहा जाएगा?
क्या गांव से अस्पताल तक जिंदगी बचाने की उम्मीद लेकर पहुंचने वाले लोगों को यही बदहाली मिलेगी? कहने को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था का केंद्र है, लेकिन हकीकत यह है कि यहां डॉक्टरों की कमी और लापरवाही अब आम चर्चा बन चुकी है।
रात के समय हालात और भयावह बताए जाते हैं। कई बार मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिलता और गंभीर स्थिति में उन्हें रेफर कर दिया जाता है।जिस देश में आधुनिक चिकित्सा और सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के सपने दिखाए जा रहे हैं, वहीं अमानगंज में लोग आज भी एक डॉक्टर और ऑक्सीजन के लिए भटकते नजर आते हैं।यहां हर वार्ड की दीवार जैसे एक कहानी कहती है,कहानी बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था की,कहानी अधूरे वादों की, कहानी उस सिस्टम की, जहां मरीज से ज्यादा कागजों की चिंता दिखाई देती है। तुनना ग्राम की यह घटना अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों में स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय पर उपचार और जिम्मेदारी दिखाई जाती, तो मरीजों और उनके परिजनों को इस तरह परेशान नहीं होना पड़ता।अब सवाल सिर्फ एक महिला का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की उस व्यवस्था का है जो हर दिन लोगों के भरोसे को तोड़ रही है।

# भाजपा के पन्ना नगर की कामकाजी बैठक संपन्न




**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी पन्ना नागर की मंडल स्तरीय कामकाजी बैठक गुरुवार को भा ज पा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा एवं मंडल अध्यक्ष श्री कैलाश गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा कार्यकर्ताओं की सक्रियता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर, भाजपा जिला महामंत्री श्री माधवेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष श्रीमती पूनम यादव जिला सह कोषाध्यक्ष राकेश चौबे पूर्व जिला मंत्री कविता चाणक्य रैकवार सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा को मिली सफलता संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना है तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर बनी है। प्रत्येक माह मंडल स्तर पर बैठक आयोजित करना आवश्यक है ताकि संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिल सके। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री रवि पांडे ने किया। बैठक में मुख्य रूप से धर्मेंद्र नामदेव राजकुमारी लोधी पूनम सिंह चौहान नेहा गुप्ता अंकित शर्मा रत्नेश पटेरिया अमन सेन मुकेश साहू उमेश खटीक अरविंद सिंगरौल नाथू सिंह उमेश खटीक अप्पू मजूमदार आकांक्षा राय संतोष तिवारी आदित्य कुशवाहा के साथ साथ मंडल पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों एवं विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष और महामंत्री उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शादी के मंडप में चली गोली, अधेड़ घायल आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर। शादी समारोहों में लाइसेंसी हथियार एवं अबैध हथियार ले जाने पर और हर्ष फायर करने पर पूरी तरह से रोक लगी है लेकिन इसके बावजूद भी कुछ शस्त्र प्रेमी लाइसेंसी और अबैध हथियार जरूर लेकर जाते है। जिससे घटनाएं घटित हो रही है। थाना बमीठा अंतर्गत एनएच 39 के किनारे गंज में ओम मैरिज गार्डन में एक शादी समारोह में रात को 12 बजे अबैध कट्टे से फायर किया गया। जिससे मम्मा उर्फ दरवारी पटेल उम्र 55 बर्ष निवासी गंज को गोली लग गई और वह घायल हो गया। दरवारी पटेल उक्त मैरिज हाउस में झमटूली के जालम पटेल के लड़के की शादी में गया था। लेकिन जब वह खाना खा रहा था तो पीछे से नीरज सेन आ गया और दोनो के बीच किसी बात को लेकर बिवाद हो गया। बिवाद इतना बढा की नीरज सेन ने ताव में आकर कट्टे से फायर कर दिया, जो अधेड़ दरवारी पटेल उर्फ मम्मा के हाथ को छूती हुई पेट के आर पार निकल गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल दरवारी पटेल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे ग्वालियर रेफर कर दिया। उधर जैसे ही बमीठा पुलिस को जानकारी लगी तो पुलिस ने धारा 307 के तहत आरोपी नीरज सेन के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर लिया और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए गए और कुछ ही समय में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कट्टा बरामद किया है। और आरोपी को जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि टीआई बाल्मीकि चौबे द्वारा की गई है।

### स्टंटबाजी करने वाले युवक पर नौगांव पुलिस की कार्रवाई, 4500 का जुर्माना

छतरपुर। जिले के नौगांव नगर पालिका चौराहे पर स्टंटबाजी कर यातायात व्यवस्था बाधित करने वाले युवक पर नौगांव पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। थाना प्रभारी संजय राय के निर्देशन में पुलिस ने युवक पर 4500 रुपए का जुर्माना लगाया। जानकारी के अनुसार युवक सार्वजनिक स्थान पर खतरनाक तरीके से वाहन चलाकर स्टंट कर रहा था, जिससे आम लोगों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को पकड़ लिया और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना किया। नौगांव थाना प्रभारी संजय राय ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और स्टंटबाजी जैसी गतिविधियों में शामिल युवकों पर पुलिस की लगातार नजर बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि कोई भी इस तरह की गतिविधियों में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार ट्रक ने दो वाहनों को रौंदा, नशे में चालक फरार



छतरपुर। शहर के चौबे तिराहा से पन्ना नाका पुलिस लाइन तिराहे के बीच तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने दो वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया और गुस्साए लोगों ने ट्रक चालक की जमकर पिटाई कर क्लास लगाई। ट्रक की नंबर एमपी 34 जी 1036 बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चालक शराब के नशे में था और ट्रक के अंदर सवारियां बैठाकर तेज गति से वाहन चला रहा था। हादसे के बाद मौके पर जाम की स्थिति बन गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस के पहुंचने में काफी देरी हुई। इस दौरान चालक ने मौका देखकर ट्रक को साइड में लगाने का बहाना बनाया और सटई रोड की ओर फरार हो गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल छा गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि पुलिस समय पर पहुंचती तो चालक को पकड़ा जा सकता था।

### सोशल मीडिया पर जन्मदिन की बधाई देना पड़ा भारी



छतरपुर। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंगायच में सोशल मीडिया पर जन्मदिन की शुभकामनाएं देना सरपंच पति और उनके साथियों को भारी पड़ गया। गांव के ही कुछ दबंगों ने दूसरे व्यक्ति को जन्मदिन की बधाई देने की बात को लेकर विवाद करते हुए सरपंच पति और उनके साथियों के साथ जमकर मारपीट कर दी। घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए।

### कैदी से डिप्टी जेलर का दिल का रिश्ता :

# जेल की सलाखें भी न रोक सकीं मोहब्बत का रास्ता

### जेल में हुई मुलाकात, प्यार परवान चढ़ा, सजा खत्म हुई तो धूमधाम से 5 मई को विवाह हो गया

छतरपुर।



पुरानी कहावत है कि प्यार में ना कोई उम्र का बंधन होता है और ना ही धर्म और जाति का बंधन होता है जब प्यार परवान चढता है तो समाज को भी एक बार झुकना पड़ता है। ऐसा ही प्यार का एक मामला सेंट्रल जेल सतना की डिप्टी जेलर का सामने आया है। डिप्टी जेलर फिरोजा खान सतना जेल में वारंट शाखा का चार्ज देख रही थी और आजीवन सजा काट रहा धर्मेन्द्र जो चंदला का निवासी है वह वारंट शाखा में डिप्टी जेलर का सहयोग कर रहा था। और यहीं से दोनों के प्यार की कहानी धीरे धीरे शुरू हुई जो जेल की चार दीवारी से बाहर आकर अब शादी में बदल गई और दोनों ने एक दूसरे के साथ जिंदगी बिताने के लिए कसमें खाई और शादी के परिणय सूत्र में 5 मई को लवकुशनगर के एक मैरिज हाउस सें डिप्टी जेलर और सजामाफी कैदी का विवाह धूमधाम से विवाह हो गया और सभी ने पहुंचकर उन्हें आशीर्वाद भी दिया।

बताया जा रहा है कि बर्ष 2007 में चंदला नगर परिषद के उपाध्यक्ष कृष्णदत्त दीक्षित की धर्मेन्द्र ने हत्या कर दी थी और उसका शव दफन कर दिया था। बाद में पुलिस की जांच में धर्मेन्द्र सिंह इस हत्याकाड का दोषी पाया गया और अदालत ने उसे कृष्णदत्त दीक्षित का हत्यारा मानते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। चूँकि आजीवन कारावास की सजा होने पर कैदी को केन्द्रीय जेल सतना में भेजा गया था। सतना जेल पहुंचने पर जेल के अंदर धर्मेन्द्र सिंह का व्यवहार जेल प्रशासन को अच्छा देखने को मिला और जेल मैन्यूवल नीति के अनुसार धर्मेन्द्र सिंह को जेल के कार्यो में सहयोगी बना दिया गया और उसे जेल की वारंट शाखा में सहयोग के लिए रखा गया। वारंट शाखा एक ऐसी शाखा है जहां कैदियों की आमद रिहाई संबंधी लिखा पढी होती है और वह वहां दस्तावेज सभालने का काम करता था।

#### वारंट शाखा से शुरू हुई सच्ची प्रेम कहानी बीते 5 मई को शादी के बंधन में बदल गई -

डिप्टी जेलर के रूप में फिरोजा खान की तैनाती सेंट्रल जेल सतना में हुई फिरोजा खान ने पटवारी रहकर पीएससी परीक्षा पास की और डिप्टी जेलर बन गई। सतना जेल में उसे वारंट शाखा का प्रभार दिया गया फिरोजा खांन कैदियों के आने जाने का रिकार्ड देखती और सहायक के रूप में धर्मेन्द्र सिंह उनकी मदद करता था। धीरे धीरे दोनों के बीच प्यार की बातें होने लगी और एक दिन ऐसा भी आया कि दोनों के बीच प्रेम का अंकुर फूटने लगा, लेकिन इनके प्रेम प्रसंग की जानकारी जेल प्रशासन को नहीं थी जैसे ही अच्छे चाल चलन के कारण धर्मेन्द्र सिंह की गिनती सतना जेल में अच्छे कैदी के रूप में होने लगी थी। जेल के सभी अधिकारियों की नजर में धर्मेन्द्र सिंह अच्छी छबि वाला कैदी बन गया था। जेल मैन्यूवल के तहत अच्छी छबि वाले कैदी को जेल प्रशासन सजा पूरी होने से पहले रिहा कर सकता है और यही धर्मेन्द्र के साथ हुआ 3 साल पहले धर्मेन्द्र को तय प्रावधानो के तहत जेल से रिहा कर दिया।

#### हत्या के मामले में धर्मेंद्र सिंह चार दीवारों में लगभग 18 साल की उम्र में कैद हो गया था -

बताया जा रहा है कि लगभग 18 साल की उम्र में ही धर्मेन्द्र सिंह जेल की चार दिवारी में कैद हो गया था लेकिन जब वह बाहर निकला तो सब कुछ अलग था और उसे जेल की कहानियां रह रह कर याद आती थी। और वह फिर सतना जेल डिप्टी जेलर फिरोजा से मिलने जाने लगा और यही मेल मिलाप लोगों की नजरों में आ गया, जो कहानी जेल के अंदर पूरी तरह से छिपी हुई थी। धर्मेन्द्र के बाहर आते ही सबके सामने आ गई। अब दोनों ने शादी के बंधन में बधने का निर्णय लिया था लेकिन फिरोजा और धर्मेन्द्र की शादी में समाज की दीवारें और दो अलग अलग धर्म बाधक बन रहे थे। क्योंकि फिरोजा खालिस मुस्लिम और धर्मेन्द्र हिन्दू था धर्मेन्द्र के परिजन मान नही रहे थे लेकिन शादी सपने देख रही फिरोजा ने हिन्दू रीति रिवाज अपनाने शुरू कर दिए और धर्मेन्द्र ने भी परिजनों को मनाना शुरू किया लेकिन अंत में धर्मेन्द्र और फिरोजा के प्यार के आगे धर्मेन्द्र के परिजनों को झुकना पड़ा और दोनों की शादी हो गई। हिन्दू रीति रिवाज से जब शादी होती है तो उसमें लड़की के माता पिता कन्यादान करते है लेकिन फिरोजा के माता पिता शादी से सहमत नहीं थे जिस कारण कन्यादान की समस्या सामने आ गई। लेकिन बजरंग दल के पदाधिकारी राजबहादुर जो जेल में निर्माण कार्य का ठेका लिए हुए थे। उनके सामने यह बात पहुंची तो राजबहादुर ने कन्या दान लेने का निर्णय लिया और अपने मित्र सचिन शुक्ला को भाई का दायित्व निभाने की बात रखी। अब 5 मई को धूमधाम से लवकुशनगर के मैरिज हाउस में दोनों की शादी हिन्दू रीति रिवाज से हुई और इस शादी के साक्षी सतना जेल के अधिकारी, अन्य जेल के अधिकारी वा समाज के अन्य लोग बने। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर नव युगल दम्पंति को नया जीवन शुरू करने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

## दबंगों ने युवक को लाठी-डंडों और पत्थरों से पीटा, गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती

छतरपुर।



कोतवाली थाना क्षेत्र के घोसियाना मोहल्ला में दबंगों द्वारा एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार राघवेंद्र सिंह घोष पिता कृष्णपाल सिंह घोष उम्र 26 वर्ष निवासी घोसियाना मोहल्ला के साथ कुछ लोगों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। घायल के पिता कृष्णपाल सिंह घोष ने बताया कि उनका बेटा तीन बहनों का इकलौता भाई है। मोहल्ले में रहने वाले विनोद घोष सहित लाल सिंह घोष, नारायण और मुन्ना घोष ने देर रात करीब 3 बजे उनके बेटे के साथ मारपीट की।

घायल राघवेंद्र ने परिजनों को बताया कि आरोपियों ने उस पर पत्थरों और लाठियों से हमला किया, जिससे उसके सिर, मुंह, हाथ, पैर और सीने में गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टरों के अनुसार युवक के शरीर में फ्रैक्चर होने की भी आशंका जताई जा रही है। फिलहाल जिला अस्पताल में डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। फरियादी के बयान के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### कल्याणी महिला समिति ने ब्लॉक-बी में प्याऊ केंद्र का किया शुभारंभ




**सिंगरौली**। परिक्षेत्र में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी एवं लगातार बढ़ते तापमान ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। ऐसे में आमजन, राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से विगत सोमवार को एनसीएल ब्लॉक-बी की कल्याणी महिला समिति द्वारा एक प्याऊ (पेयजल केंद्र) का शुभारंभ किया गया। कल्याणी महिला समिति द्वारा राहगीरों, श्रमिकों एवं स्थानीय निवासियों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति अध्यक्षा अर्चना त्रिपाठी एवं समिति सदस्यों सहित महाप्रबंधक (ब्लॉक-बी), पी. के. त्रिपाठी एवं अन्य उपस्थित रहे। गौरतलब है कि कल्याणी महिला समिति द्वारा स्थानीय क्षेत्र में समग्र कल्याण हेतु ऐसे अनेक कार्य किए जाते रहे हैं।

### भास्कर राव रोकड़े ने रखीं 9 सूत्रीय मांगें

## रामराज्य की अवधारणा को लेकर निकाली जा रही यात्रा

छतरपुर।



कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को चलें रामराज्य की ओर अभियान के तहत सम्यक अभियान द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सम्यक अभियान के प्रमुख गुरुदेव भास्कर राव रोकड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोकड़े का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात वरिष्ठ नेताओं की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर विधिवत चर्चा की शुरुआत की गई।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए गुरुदेव भास्कर राव रोकड़े ने बताया कि उनके अभियान का मुख्य लक्ष्य महात्मा गांधी की उस रामराज्य की अवधारणा को पुनः स्थापित करना है, जो पूरी तरह से भय, भ्रष्टाचार और भेदभाव से मुक्त हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि गांधी जी का रामराज्य ऐसी शासन व्यवस्था का प्रतीक था जिसमें समाज के हर नागरिक को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जानकारी दी कि इन 9 सूत्रीय मांगों को लेकर अब तक प्रदेश के 32 जिलों में यात्रा सफलतापूर्वक निकाली जा चुकी है, जिसका उद्देश्य जनता के बीच जन-जागरण पैदा करना है।

भास्कर राव रोकड़े ने वर्तमान सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के दौर में किसान, व्यापारी और युवा वर्ग अत्यंत परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों का शोषण लगातार बढ़ता जा रहा है, जबकि बेरोजगारी और आर्थिक असमानता समाज के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है। वार्ता के दौरान उन्होंने अपने ऊपर लगे टिकट के बदले पैसे लेने के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इन्हें पूरी तरह निराधार बताया और इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। इस दौरान जिला अध्यक्ष गगन यादव, दीप्ति पांडे, प्रियंका अग्रवाल और दीपांशु यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### गांधीवादी मूल्यों की पुनर्स्थापना का संकल्प

सम्यक अभियान के तहत निकाली जा रही इस यात्रा का मुख्य केंद्र बिंदु सामाजिक न्याय और नैतिक शासन है। प्रेस वार्ता में यह रेखांकित किया गया कि रामराज्य केवल एक धार्मिक नारा नहीं, बल्कि एक ऐसी आदर्श व्यवस्था है जहाँ आर्थिक विषमता समाप्त हो और युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर मिलें। अभियान के माध्यम से प्रदेश भर में किसानों की समस्याओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद की जा रही है।

#### आरोपों पर रोकड़े की दो टूक सफाई

प्रेस वार्ता के दौरान भास्कर राव रोकड़े ने व्यक्तिगत आरोपों पर अपनी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा कि उन पर लगाए गए सभी आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और इनमें कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि इन दावों की गहराई से जांच की जाए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। उन्होंने अभियान की पारदर्शिता बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### राजनगर के कुटने डैम पर मजदूरों की जान जोखिम में



छतरपुर। छतरपुर जिले के राजनगर स्थित कुटने डैम परियोजना में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। निर्माणाधीन पानी की टंकी पर करीब 40 फीट की ऊंचाई पर मजदूर बिना किसी सुरक्षा उपकरण के काम करते दिखाई दिए हैं। मध्य प्रदेश जल निगम की इस परियोजना में मजदूरों के पास न सेफ्टी बेल्ट है, न हेलमेट और न ही अन्य कोई जरूरी सुरक्षा संसाधन। पूरा घटनाक्रम कैमरे में कैद हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन और संबंधित विभाग अब तक चुप्पी साधे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि निर्माण एजेंसी खुलेआम सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर रही है। हाल ही में बरगी डैम हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था, लेकिन उसके बाद भी निर्माण एजेंसियां सबक लेने को तैयार नहीं दिख रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस लापरवाही पर ध्यान नहीं दिया गया तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने सवाल उठाया है कि प्रशासन की इस चुप्पी की क्या वजह है और यदि कोई दुर्घटना हुई तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी?

## कलेक्टर की रात्रि जन-चौपाल: लापरवाही पर एक पटवारी सस्पेंड, दूसरे की वेतन वृद्धि रोकी



छतरपुर।

**जिला प्रशासन की जन-सुनवाई और प्रशासनिक सख्ती अब मैदान में नजर आने लगी है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने ग्राम अलीपुरा में आयोजित रात्रि जन-चौपाल के दौरान राजस्व विभाग की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करते हुए एक पटवारी को निलंबित कर दिया और दूसरे की वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी।**

समीक्षा के दौरान पता चला कि टीला पटवारी विनय पटेल ने एक ग्रामीण की मृत्यु के 5 महीने बाद भी फौती नामांतरण का कार्य नहीं किया। इस गंभीर लापरवाही पर कलेक्टर ने मौके पर ही पटवारी विनय पटेल को निलंबित करने के निर्देश दे दिए।

इसी प्रकार अलीपुरा पटवारी जमना प्रसाद अनुरागी द्वारा नामांतरण कार्य में देरी करने पर उनकी एक वार्षिक वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) रोकने के आदेश जारी कर दिए गए।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने साफ चेतावनी दी कि नामांतरण, बी-1 वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में अब कोई देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निपटारा ही हमारा लक्ष्य है।

#### राशन पर्ची और पेंशन के लाभ

चौपाल के दौरान कलेक्टर ने 5 पात्र ग्रामीणों की राशन पर्ची मौके पर स्वीकृत कर दी, जिससे ग्रामीणों में खुशी का माहौल छा गया। साथ ही कई हितग्राहियों को वृद्धावस्था पेंशन और बीपीएल कार्ड भी तुरंत बनवाकर दिए गए। इस रात्रि जन-चौपाल में महाराजपुर भाजपा विधायक कामख्या प्रताप सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

## विंध्याचल की स्वदेशी डिजिटल पहल "स्वीकृति" एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र में लागू

सिंगरौली

एनटीपीसी के उत्तरी क्षेत्र ने डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 5 मई 2026 को ऑनलाइन प्रोटेक्शन बायपास मैनेजमेंट सिस्टम (PBMS – "स्वीकृति") का शुभारंभ किया। यह प्लेटफॉर्म पूरी तरह से स्वदेशी रूप से विंध्याचल टीम द्वारा ऑपरेशन और आईटी विभाग के सहयोग से विकसित किया गया है।

इस प्रणाली का औपचारिक उद्घाटन श्री दिवाकर कौशिक, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक(उत्तर) एवं सीईओ (एनएसपीसीएल) द्वारा एमएस टीम्स के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर श्री बी.एन. झा, कार्यकारी निदेशक (ओएस), उत्तरी क्षेत्र के सभी परियोजना प्रमुख, महाप्रबंधक तथा टीम विंध्याचल के सदस्य उपस्थित रहे।




एनटीपीसी विंध्याचल में सफलतापूर्वक लागू होने के बाद, इस नवाचार को अब एनटीपीसी के अन्य स्टेशनों में भी चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है, जिसकी शुरुआत उत्तरी क्षेत्र से की गई है। इस प्रणाली के विकास में सीसी-ओएस, सीसी-डी आई और सीसी-आईटी समूहों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**प्रोटेक्शन बायपास मैनेजमेंट सिस्टम** – "स्वीकृति" का उद्देश्य प्रोटेक्शन बायपास प्रबंधन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाना, संचालन दक्षता में सुधार करना और सुरक्षा मानकों को और मजबूत बनाना है। यह पहल एनटीपीसी की नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और स्वदेशी डिजिटल समाधानों को अपनाकर बेहतर संचालन एवं सुरक्षित पावर प्लांट प्रबंधन सुनिश्चित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

**शंकर सुब्रमणियम**
**उप प्रबन्धक (नैगम संचार)**

# प्रशासनिक संग्राम : कलेक्टर की सख्ती के खिलाफ अधिकारी-कर्मचारी हुए एकजुट

## बैठक में महिला अधिकारी की तबीयत बिगड़ने के बाद भड़का आक्रोश कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन, कलेक्टर बोले जनता के काम समय पर करना ही हमारी जिम्मेदारी





रीवा।

रीवा जिले में नवागत कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी की कार्यशैली को लेकर प्रशासनिक महकमे में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने खुलकर मोर्चा खोलते हुए कलेक्टर पर अनावश्यक काम का दबाव बनाने, एकपक्षीय कार्रवाई करने और बैठकों में अभद्र भाषा के प्रयोग के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामला उस समय और गरमा गया जब बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान एक महिला अधिकारी की तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गईं। घटना के बाद अधिकारी-कर्मचारियों में नाराजगी और बढ़ गई तथा गुरुवार को संयुक्त मोर्चा आंदोलन की चेतावनी देते हुए कमिश्नर कार्यालय पहुंच गया। रीवा में संभवतः यह पहला अवसर माना जा रहा है जब किसी कलेक्टर की कार्यप्रणाली के विरोध में अधिकारी एवं कर्मचारी इस तरह सार्वजनिक रूप से लामबंद हुए हों। जिला पंचायत से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार बैठकों और समीक्षा के नाम पर उन पर अत्यधिक मानसिक दबाव बनाया जा रहा है। छोटी-छोटी त्रुटियों पर सार्वजनिक रूप से फटकार लगाई जा रही है और अधिकारियों-कर्मचारियों का पक्ष सुने बिना कार्रवाई की चेतावनी दी जा रही है। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि बैठकों का वातावरण इतना तनावपूर्ण हो गया है कि कर्मचारी मानसिक रूप से असहज महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि प्रशासनिक अनुशासन और कार्य समीक्षा अलग बात है, लेकिन अपमानजनक व्यवहार और भय का माहौल बनाना किसी भी स्थिति में उचित नहीं माना जा सकता। कर्मचारियों का कहना है कि लगातार लक्ष्य आधारित कार्यों का दबाव, लंबी बैठकों और तत्काल परिणाम देने की अपेक्षा के कारण कर्मचारियों का मानसिक संतुलन प्रभावित हो रहा है। उनका आरोप है कि विभागीय समस्याओं और संसाधनों की कमी को नजरअंदाज कर केवल जवाबदेही तय की जा रही है।महिला अधिकारी के बेहोश होने के बाद बढ़ा विवादबुधवार बीती शाम कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान अचानक एक महिला अधिकारी की तबीयत बिगड़ गई। कर्मचारियों के अनुसार बैठक के दौरान माहौल काफी तनावपूर्ण था। इसी बीच महिला अधिकारी असहज महसूस करने लगीं और कुछ ही देर में बेहोश होकर गिर पड़ीं। इसके बाद बैठक में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि प्रशासन की ओर से इस घटना को सामान्य स्वास्थ्य समस्या बताया गया, लेकिन अधिकारी एवं कर्मचारियों ने इसे कार्य के अत्यधिक दबाव और मानसिक तनाव से जोड़ते हुए बड़ा मुद्दा बना दिया। घटना के बाद संयुक्त मोर्चा ने आपात बैठक बुलाकर विरोध दर्ज कराया और गुरुवार को कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा ,ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए तथा अनावश्यक दबाव और कथित अभद्रता पर रोक लगाई जाए।ज्ञापन में कहा गया कि प्रशासनिक बैठकों में कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के बजाय भय का वातावरण तैयार किया जा रहा है। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि एकपक्षीय कार्रवाई की धमकी देकर कार्य कराया जा रहा है, जिससे पूरे विभाग में असंतोष का माहौल है। संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति नहीं बदली तो अधिकारी एवं कर्मचारी सामूहिक रूप से अनिश्चितकालीन अवकाश पर जाने को बाध्य होंगे। कर्मचारियों ने कहा कि वे काम करने से पीछे नहीं हट रहे, लेकिन सम्मान और मानवीय व्यवहार भी उतना ही जरूरी है।पहले सरकारी ढर्रे पर चल रहा था काम पूरे घटनाक्रम के बाद कर्मचारियों का एक वर्ग मानता है कि पहले विभागीय कार्य सामान्य सरकारी प्रक्रिया के तहत संचालित होते थे और कर्मचारियों पर इतना दबाव नहीं था। वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इसे प्रशासनिक कसावट और जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया के रूप में भी देख रहे हैं।चर्चा यह भी है कि नवागत कलेक्टर जिले की कार्यप्रणाली में तेजी लाने और रैंकिंग सुधारने के उद्देश्य से लगातार समीक्षा कर रहे हैं, लेकिन उनकी कार्यशैली कर्मचारियों के एक वर्ग को रास नहीं आ रही।कलेक्टर ने कहा हम जनता के सेवक हैं, काम तो करना होगा अधिकारी-कर्मचारियों के आरोपों के बाद कलेक्टर ने भी अपना पक्ष स्पष्ट रूप से सामने रखा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि कलेक्टर से लेकर हर शासकीय अधिकारी और कर्मचारी का पहला दायित्व जनता के कार्यों को समय पर पूरा करना है।उन्होंने कहा कि शासन अधिकारी-कर्मचारियों को जनता की सेवा के लिए नियुक्त करता है और सभी को अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि जिला पंचायत की रैंकिंग और कार्यप्रणाली अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। इसी को लेकर बैठकों में नाराजगी व्यक्त की गई थी। यदि कोई प्रशासनिक समीक्षा और जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया को गलत तरीके से लेता है, तो यह उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा हम लोग काम करने के लिए ही वेतन लेते हैं। जनता के काम समय पर पूरे करना हर शासकीय अधिकारी और कर्मचारी की जिम्मेदारी है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी प्रशासनिक परिवार का हिस्सा हैं और यदि उनकी कोई वास्तविक समस्या है तो वे सीधे उनके पास आ सकते हैं। समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ विचार किया जाएगा, लेकिन काम में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## बरगी डैम हादसे से नहीं लिया सबक, त्योंथर में टमस नदी में बिना लाइफ जैकेट के नाव पर सवारी कर रहे

रीवा। ˇ



बीते दिनों जबलपुर के बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे ने देश भर के लोगों झकझोर कर रख दिया था, इस हादसे में कई लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी, जबलपुर हादसे के बाद रीवा से कुछ हैरान कर देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जिसे देख कर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि, शासन और प्रशासन जबलपुर के बरगी में हुए क्रूज हादसे के बाद कितना सजग और गंभीर है, रीवा जिला के त्योंथर तहसील क्षेत्र अंतर्गत, टमस नदी पर खुलेआम नियमों को दरकिनार कर नावों का संचालन हो रहा है. जिसमें लोगों की जान जोखिम में डालकर बिना लाइफ जैकेट के ही नैया पार लगाई जा रही है। बता दे जबलपुर के बरगी डैम में हुए दर्दनाक हादसे के बाद भी रीवा जिले के त्योंथर क्षेत्र में प्रशासनिक लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है,टमस नदी के चिल्ला घाट में बिना लाइफ जैकेट और जरूरी सुरक्षा उपकरणों के नावों का संचालन धड़ल्ले से जारी है. महिला, पुरुष और कॉलेज के छात्र-छात्राएं अपनी जान जोखिम में डालकर नाव से जोखिम भारी यात्रा करने को मजबूर हैं, यहां पर सुरक्षा नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।जान को जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं लोगस्थानीय लोगों का कहना है कि इस बारे में कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया है, लेकिन इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं. जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. वहीं छात्र अनूप सिंह चौहान ने बताया कि,'प्रतिदिन इसी तरह जान जोखिम में डालकर यात्रा करना पड़ता है. नाव में महिला पुरुष और छोटे छोटे बच्चों को बिना लाइफ जैकेट सहित अन्य किसी भी सुरक्षा उपकरण के बिना ही 10 से 15 लोग यात्रा करते हैं कई बार प्रशासन से गुहार तो लगाई गई पर अब तक कोई नहीं कार्रवाई नहीं की गई।

## कलेक्टर ने पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास का किया निरीक्षण



### छात्राओं से किया संवाद

रीवा ।

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने पोस्ट मैट्रिक पिछड़ावर्ग कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया और छात्राओं से संवाद करते हुए छात्रावास की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर को अचानक अपने बीच पाकर छात्रायें हतप्रभ रह गयीं। कलेक्टर ने उनसे कहा कि आप सबसे आपके माता-पिता की बड़ी उम्मीदें हैं। आप सब मेहनत कर पढ़ाई करें और सफलता प्राप्त करते हुए आगे बढ़े। छात्राओं ने कलेक्टर से शौचालय में सुधार कार्य कराने, पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने तथा खिड़कियों में जाली लगाने की मांग की। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारी को तत्काल व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि छात्राओं के लिए परिसर में ही बैडमिंटन कोर्ट भी बनाया जायेगा। इस अवसर पर संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे एवं डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन उपस्थित रहे।

## त्यौंथर तहसील का बाबू रिश्वत लेते रंगे हाथ ट्रैप



### बेदखली आदेश कराने के नाम पर मांगे थे 80 हजार रुपए, पहली किस्त के 9.50 हजार लेते लोकायुक्त ने दबोचा

रीवा।

जिले के त्यौंथर तहसील कार्यालय में पदस्थ एक बाबू को लोकायुक्त पुलिस ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बाबू फरियादी के पक्ष में लंबित जमीनी विवाद में बेदखली आदेश जारी कराने के एवज में 80 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपी को पहली किस्त के रूप में 9 हजार 500 रुपए लेते हुए ट्रैप कर लिया। यह कार्रवाई गुरुवार को लोकायुक्त संभाग रीवा की टीम ने त्यौंथर तहसील कार्यालय में की। आरोपी बाबू की पहचान अनिल त्रिपाठी के रूप में हुई है, जो तहसील कार्यालय में पदस्थ बताया जा रहा है। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार त्यौंथर क्षेत्र के ग्राम डाढ़ा कला निवासी अजय मिश्रा का एक जमीनी विवाद से जुड़ा प्रकरण तहसील कार्यालय में लंबित था। प्रकरण में फरियादी के पक्ष में बेदखली आदेश जारी कराने के लिए बाबू अनिल त्रिपाठी द्वारा कथित रूप से 80 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की गई थी। फरियादी ने रिश्वत की मांग से परेशान होकर लोकायुक्त कार्यालय रीवा में शिकायत दर्ज कराई थी। लोकायुक्त टीम ने शिकायत मिलने के बाद पूरे मामले का सत्यापन कराया। जांच के दौरान शिकायत सही पाए जाने पर ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई गई। बताया गया कि आरोपी और फरियादी के बीच रिश्वत की राशि किस्तों में देने को लेकर सहमति बनी थी। पहली किस्त 20 हजार रुपए तय हुई थी, जिसमें गुरुवार को 9 हजार 500 रुपए दिए जाने थे। पूर्व निर्धारित योजना के तहत फरियादी रिश्वत की रकम लेकर तहसील कार्यालय पहुंचा। जैसे ही आरोपी बाबू ने रकम अपने कब्जे में ली, पहले से मौके पर मौजूद लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।लोकायुक्त टीम में शामिल निरीक्षक एस.के. मांरावी नेबताया कि फरियादी की शिकायत पर जांच कराई गई थी, जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद टीम ने ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपी बाबू को 9 हजार 500 रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।उल्लेखनीय है कि लोकायुक्त संभाग रीवा की यह दो दिनों के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे एक दिन पहले शहडोल जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में भी लोकायुक्त टीम ने ट्रैप कार्रवाई की थी। लगातार हो रही कार्रवाइयों से राजस्व और प्रशासनिक महकमे में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है।

## कलेक्टर ने करहिया मंडी गेंहू खरीदी केन्द्र का किया औचक निरीक्षण, उपार्जित गेहूं की बोरी का तौल कराया, गुणवत्ता देखी

रीवा।



कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने करहिया मंडी गेंहू उपार्जन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपार्जित किये जा रहे गेंहू की बोरी का अपने सामने तौल कराया और गेंहू की गुणवत्ता को देखा। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि उपार्जित गेंहू का तेजी से परिवहन करायें। उन्होंने कहा कि अब बड़े किसानों का गेंहू आ रहा है जिससे आवक ज्यादा हो रही है। अतः परिवहन को और तेजी से करायें। उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए खरीदी केन्द्र में की गई व्यवस्थाओं और सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। किसानों ने कलेक्टर को बताया कि खरीदी केन्द्र में सभी सुविधाएं की गई हैं। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिये कि मंडी में कैन्टीन का टेण्डर कराकर उसका संचालन सुनिश्चित करायें। उन्होंने मंडी परिसर में गंदगी पाये जाने पर संबंधित सफाई एजेंसी पर पांच हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश ताण्डेकर, महाप्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय सहित उपार्जन से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त अक्षत जैन की उपस्थिति में शहर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित

रीवा। बैठक में जल प्रदाय, सीवरेज, राजस्व वसूली, अतिक्रमण नियंत्रण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। महापौर ने अमृत 2.0 के अंतर्गत जल प्रदाय की प्रगति की समीक्षा करते हुए पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने मई माह के अंत तक इंटेक वेल एवं प्लांट का कार्य पूर्ण कर 7 जून तक सातों ओवरहेड टैंकों से जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नल कनेक्शन शीघ्रता से करने को कहा। जलकर वसूली, अवैध कनेक्शन की स्थिति एवं योजना की समय-सीमा की जानकारी लेते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि अवैध कनेक्शनों को नियमानुसार मौके पर वैध किया जाए, जिससे निगम की आय में वृद्धि हो तथा योजना समय पर पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य में तेजी लाते हुए नागरिकों को नियमित एवं सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। दूषित पानी की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मूल कारण का स्थायी समाधान किया जाए।सीवरेज कार्यों की समीक्षा के दौरान महापौर ने एसटीपी संचालन, सीवर लाइन कनेक्शन, शेष कार्यों की प्रगति एवं समय-सीमा की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधूरे कार्य निर्धारित गुणवत्ता एवं समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा सभी स्थान के रेस्टोरेशन कार्य भी शीघ्र संपन्न हों। शहर में तेजी से सीवरेज हाउस कनेक्शन कर उन्हें एसटीपी से जोड़ा जाए तथा तीनों एसटीपी में शत-प्रतिशत कनेक्शन पूर्ण कर उनके ट्रायल एवं संचालन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। स्पेशल प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करते हुए मल्टी लेवल पार्किंग, गंगोत्री कॉलोनी सहित अन्य योजनाओं की भूमि उपलब्धता, स्वीकृति एवं जमीनी प्रगति की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया । महापौर ने निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं में बाधाएं हैं, उनका त्वरित निराकरण कर जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करे।महापौर ने अवैध कॉलोनियों के चिन्हांकन, नियमितीकरण, एफआईआर एवं ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वर्ष 2022 के बाद की गई कार्यवाहियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों पर शासन के नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शहर में अस्थायी अतिक्रमण की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए महापौर ने व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### रीवा में व्यापारी महासंघ ने नवागत पुलिस अधीक्षक गुरु करण सिंह का किया स्वागत

रीवा। जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक गुरु करण सिंह से पुलिस अधीक्षक कार्यालय रीवा में व्यापारी महासंघ के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात कर उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान नगर की व्यापारिक एवं सामाजिक व्यवस्थाओं को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा भी की गई।व्यापारी महासंघ के संस्थापक सदस्य संजीव गुप्ता के नेतृत्व में महेश हीरवानी, वेद प्रकाश गुप्ता, मोहित गुप्ता, देवेंद्र छुगानी एवं सुरेश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने नवागत पुलिस कप्तान का अभिनंदन किया।व्यापारी महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पुलिस अधीक्षक गुरु करण सिंह पूर्व में भी रीवा में पदस्थ रह चुके हैं, जिससे उन्हें जिले की भौगोलिक एवं सामाजिक परिस्थितियों की अच्छी जानकारी है। ऐसे में जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के साथ-साथ व्यापक स्तर पर फैल रहे नशे के कारोबार एवं अपराधों पर प्रभावी लगाम लगने की उम्मीद।

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना अन्तर्गत आवेदन आमंत्रित

रीवा । जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 में डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अन्तर्गत जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों से आवदेन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदक की उम्र 18 से 55 वर्ष के वीच हो, आवेदक आयकर दाता न हो, जिले का निवासी हो एवं जाति तथा निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिये। आवेदक स्वरोजगार परियोजनाएँ हेतु दस हजार से एक लाख तक का ऋण हेतु आवेदन कर सकते है। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास एन.पी. पाठक ने बताया कि इस ऋण पर शासन द्वारा ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित/शेष ऋण पर 7 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित रूप से ऋण भुगतान की शर्त पर दिया जायेगा एवं म.प्र. शासन द्वारा गारंटी फीस देय होगी। इच्छुक आवेदक एसएएमएसटी डाट एमपीआनलाइन डाट जीओव्ही डाट इन पोर्टल से आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये जिला अंत्यावसायी कार्यालय कमरा नंम्बर 3 प्रथम तल कलेक्ट्रेट रीवा में व्यक्तिगत रूप से कार्यालीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है।

### तमिलनाडु में टीवीके को सरकार बनाने के निमंत्रण में लेटलतीफी

रीवा। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 में 108 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी 'तमिलगा वेत्री कड़गम' के प्रमुख विजय ने बुधवार 6 मई को राज्यपाल आर.एन. रवि से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश तो कर दिया लेकिन अभी तक राज्यपाल के द्वारा सरकार बनाने के लिए हरी झंडी नहीं दिखाई है। टीवीके प्रमुख विजय ने अपने दल के 108 और कांग्रेस के 5 विधायकों को मिलाकर कुल 113 का समर्थन पत्र सौंपा है। 234 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत आंकड़ा पाने के लिए 118 सीटों की आवश्यकता है। कांग्रेस के 5 सीटों के समर्थन के बावजूद टीवीके का आंकड़ा बहुमत से 5 कम होने के कारण सरकार गठन पर मामला अभी अधर में है। राज्यपाल ने अभी तक की राजनीतिक परम्परा के अनुसार विजय को शपथ के लिए आमंत्रित नहीं किया है। यदि राज्यपाल बड़े दल के रूप में विजय को आमंत्रित भी करते हैं तो विधानसभा पटल पर विश्वास मत के लिए विजय को अभी अन्य सहयोगियों की जरूरत होगी।उपर्युक्त बातों को रखते हुए समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि अभी तक की परंपरा रही कि चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल के द्वारा बहुमत प्राप्त नहीं होने की स्थिति में बहुमत प्राप्त राजनीतिक गठबंधन या बहुमत के करीब पहुंचे सबसे बड़े राजनीतिक गठबंधन या फिर उभरे हुए सबसे बड़े राजनीतिक दल के दावे के आधार पर राज्यपाल को सरकार गठन का निमंत्रण देकर विश्वास मत हासिल करने का समय दिया जाता रहा। अटल बिहारी वाजपेई जब पहली बार 16 मई 1996 को प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत किए गए थे तब उनकी पार्टी भाजपा बहुमत से काफी दूर थी। फिर भी लोकसभा में बड़े दल के रूप में उभरी भारतीय जनता पार्टी के नेता के रूप में उन्हें मौका दिया गया था। इधर तमिलनाडु में विधानसभा में बहुमत के काफी करीब पहुंचे टी वी के प्रमुख विजय को मुख्यमंत्री पद से दूर रखने के लिए तमाम तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।